हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025

11 स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन के लिए तंबाकू मुक्त..



12 18 दिन बाद भी लड़की को तलाश नहीं कर पाई पुलिस



## खबर संक्षेप

### कोचिंग सेंटर के लिए घर से निकला युवक गायब

**कनीना।** कनीना सिटी थाना अंतर्गत इलाके से एक 26 वर्षीय युवक अकस्मात लापता हो गया। इस बारे में राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 26 वर्षीय पुत्र सुबह नो बजे कोचिंग सेंटर जाने के लिए घर से निकला था। जो देर तक घर नहीं पंहुचा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### चार दिन से लापता बुजुर्ग का शव मिला

महेंद्रगढ़। बीते चार दिन से लापता बुजुर्ग का शव कर्मचारी कॉलोनी में खाली प्लॉट में मिला है। मृतक की पहचान लक्ष्मीनारायण के रूप में हुई है। वह सिधनवा के रहने वाले थे और फिलहाल महेंद्रगढ़ में रह रहे थे। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शहर के सामान्य अस्पताल में भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को मृतक के शव के चेहरे पर कुत्तों के काटने के निशान थे। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सात दिवसीय शिव महापुराण कथा आज से

**मंडी अटेली।** गांव उनिन्दा में 23 अगस्त से सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन जाएगा। कथा का वाचन चित्रकूट धाम से पधारे संत स्वामी कमलदास बापू करेंगे। कथा सुनने का समय प्रतिदिन दोपहर सवा 12 से सायं सवा तीन बजे तक का रखा गया है। चित्रकूट धाम से साथ में आईं ज्ञानवती देवी मिश्रा ने बताया कि कथा 23 अगस्त को कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली जाएंगी। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर गांव मुख्य गलियों से होते हुए मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी।

### श्रीश्याम मंदिर में मेला आज, तैयारी पूरी

**नारनौल।** शहर के निजामपुर रोड स्थित प्राचीन पथवारी श्रीश्याम मंदिर में 23 अगस्त को श्री रामकरणदास महाराज के मेले का आयोजन किया जाएगा। सुभाष भगत ने बताया कि मेले के दौरान दोपहर 2 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# 44 साल से मुआवजे का इंतजार, परिवहन विभाग के महाप्रबंधक का हैड अटैच

- 17 किसानों को जारी होनी है बढ़े हुए मुआवजा की राशि, कोर्ट में अगली सुनवाई सितंबर, परिवहन विभाग रखेगा अपना पक्ष
- वर्ष 2019 पंजाब एंड हरियाणा कोर्ट द्वारा दिए गए थे किसानों को बढ़ा मुआवजा देने के आदेश, लेकिन अभी तक भी परिवहन विभाग ने नहीं भेजी फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

### कोर्ट ने दिखाई सख्ती



नारनौल। महेंद्रगढ़ बस स्टैंड। हरिभूमि न्यूज

महेंद्रगढ़ बस स्टैंड निर्माण को लेकर वर्ष 1981 में किसानों से ली गई जमीन का मामला आखिरकार एक बार फिर सुर्खियों में है। इस जमीन के एवज में आज तक बढ़ा हुआ मुआवजा न मिलने पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए परिवहन विभाग के महाप्रबंधक का हैड अटैच कर दिया है। यह आदेश उन 17 किसानों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आया है, जो पिछले 44 सालों से उचित मुआवजे की राह देख रहे हैं। बता दें कि वर्ष 1981 में महेंद्रगढ़ में बस स्टैंड के निर्माण के लिए किसानों से जमीन ली गई थी। सरकार की ओर से किसानों को मुआवजा भी जारी किया गया था। लेकिन 17 किसान सरकार की ओर से जारी मुआवजा से संतुष्ट नहीं थे। इन किसानों से निर्धारित समयावधि के दौरान कोर्ट का रास्ता अपनाया था। किसानों ने हार न मानते हुए लगातार न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वर्ष 2019 में पंजाब एंड हरियाणा कोर्ट चंडीगढ़ से आदेश आया था कि किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए। लेकिन परिवहन विभाग की लापरवाही का आलम यह रहा कि पांच साल बीतने के बावजूद विभाग ने फाइल तक आगे नहीं बढ़ाई। कोर्ट ने परिवहन विभाग की ढिलाई को गंभीर मानते हुए महाप्रबंधक का हैड अटैच किया है और अगली सुनवाई 4 सितंबर को तय की है। इस दौरान विभाग को अपना पक्ष रखना होगा। कोर्ट का यह कदम किसानों के लिए राहत की बड़ी उम्मीद बना है। इस मामले से जुड़े 17 किसानों को मुआवजा की बढ़ी हुई राशि जारी होनी है। यह रकम लंबे समय से अटकी हुई है, जिस पर अब कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि सरकारें आती-जाती रहीं, अधिकारियों की फाइलें धूल खाती रहीं, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। अब कोर्ट की सख्ती के बाद उन्हें भरोसा है कि उनकी दशकों पुरानी लड़ाई का अंत होगा।

### खास बातें

- वर्ष 1981 में बस स्टैंड महेंद्रगढ को लेकर किसानों द्वारा दी गई दी गई जमीन का था मामला, 17 किसानों को था 44 साल से उचित मुआवजा का इंतजार

### किसानों को मिलेगा उनका हक

किसानों की पैरवी कर रहे एडवोकेट नवरंग लाल शर्मा का कहना है कि यह किसानों के धैर्य और न्याय की लंबी लड़ाई का परिणाम है। किसान करीब 4 दशक से न्याय का इंतजार कर रहे है। किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल पाया। पंजाब एंड हरियाणा कोर्ट की ओर से भी बढ़ा हुआ मुआवजा देने के आदेश जारी हो चुके है। कोर्ट ने परिवहन विभाग के महाप्रबंधक के हैड को अटैच कर दिया है। अदालत ने साफ संदेश दिया है कि सरकारी विभागों की लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमें उम्मीद है कि इस बार किसानों को उनका हक जरूर मिलेगा।

### कोर्ट के फैसले का करते हैं सम्मान

परिवहन विभाग के महाप्रबंधक देवदत्त का कहना है कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही यहां का कार्यभार संभाला है। महेंद्रगढ़ बस स्टैंड जमीन का यह मामला काफी पुराना है। मामले से जुड़े दस्तावेज निकलवाए जा रहे है। हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। दस्तावेजों और फाइलों की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अगली सुनवाई में विभाग की ओर से पूरी रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष रखी जाएगी।

## 374 गांवों में डीआरओ के 257 पटवारियों के अलावा अन्ये कर्मचारी भी जुटे

# पांच सितम्बर तक करना होगा खरीफ फसलों का सर्वे, फिर होगा पोर्टल पर अपलोड

महेंद्रगढ़ जिले में डीआरओ, कृषि विभाग एवं सैटेलाइट से हो रहा फसलों का सर्वे, डाटा मिसमैच की समस्या से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



नारनौल। खड़ी फसल का मौके पर जाकर सर्वे करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिले में राजस्व विभाग, कृषि विभाग तथा उपग्रहों के जरिए खरीफ फसल की गिरदावरी का कार्य जोरों पर है। इस कार्य से किसानों का खेत अनुसार फसल का विवरण तैयार किया जाएगा, जिसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिसका फायदा किसानों को मिल सकेगा। यह कार्य गत पांच अगस्त से शुरू किया गया था, जो पांच सितबंर तक निरंतर एक माह चलेगा। गौरतलब हो कि सरकार हर साल फसलों की गिरदावरी करवाती है। चाहे रबी सीजन हो या खरीफ। दोनों बार ही संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मिलकर यह कार्य करते हैं। इस बार यह कार्य डिस्ट्रीक्ट रेवेन्य ऑफिस यानि डीआरओ के पटवारी कर रहे हैं। डीआरओ के अधीन पटवारी खेतों में जाने से पहले गांवों में मुनादी करवाते हैं और फिर गांव अथवा मोहल्ला के नंबरदार एवं चौकीदार को साथ लेकर खेत का मौका मुआयना करते हैं। उनके साथ गांव के मौजिज व्यक्ति भी साथ रहते हैं। जो सभी मिलकर खेत में उगी फसल की पुष्टि करते हैं। पुष्टि होने के उपरांत पटवारी द्वारा मौके पर ही अपने टैब से ऐप पर अपलोड करते हैं। टैब में एक ऐप इंस्टाल होती है, जिसे ओपन करके पटवारी उस खेत के खसरा नंबर खोलकर उसमें फसल दर्ज करते हैं। यह ऐप लोकेशन के आधार पर काम करती है। पटवारियों द्वारा गिरदावरी का यह कार्य गांव–गांव जाकर टीम बनाकर खेत में मौके पर जाकर किया जा रहा है। किसानों ने खरीफ के तहत जो फसलें बोई हुई हैं, उनको सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्योरा के तहत पंजीकृत कराया जाता है। किसानों ने जो फसल पंजीकृत की हुई है, इस सर्वे में उसकी पुष्टि हो जाएगी। इस कार्य से किसानों का खेत अनुसार फसल का विवरण तैयार किया जाएगा, जिसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिसका फायदा किसानों को मिल सकेगा।सरकार तीन प्रकार से सर्वे करवा रही है, एक डीआरओ, दूसरा कृषि विभाग तथा उपग्रह से। तीन का डाटा आपस में मैच किया जाएगा। मिसमैच होने पर डीआरओ के पटवारी फिर से मौके पर जाएंगे और सर्वे की सही पुष्टि करेंगे, जिसे अंतिम सर्वे यानि ई–गिरदावरी मानी जाएगी।

### *जिले में हैं 374 गांव*

*डीआरओ के अनुसार महेंद्रगढ़ जिले में इस समय 374 गांव बने हैं। इन गांवों में पटवारी जाकर फसलों का मौका मुआयना कर रहे हैं। ई–गिरदारवी के इस कार्य में 50 रेगुलर एवं 207 अंडर ट्रेनिंग पटवारी लगे हुए हैं। सर्वे के बाद फसलों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उम्मीद है कि ई-गिरदावरी से काम में पारदर्शिता आएगी। किसानों को इसका फायदा यह होगा कि उन्हें फसल बेचते समय या मुआवजे के वक्त डाटा मिसमैच से नहीं गुजरना पड़ेगा।*

### *खरीफ में बोई हैं ये फसलें*

*जिले में अप्रैल से जून महीने तक खरीफ की फसल की बुआई होती है। शुरूआत कपास से होती है। इसके पश्चात इलाके के किसान मानसून सीजन की बरसात का इंतजार करते हैं और फिर बाजरा एवं ग्वार की फसलों की बिजाई करते हैं। इस मौसम में कुछ किसान मूंग की फसल भी लेते हैं। इन सभी फसलों की ई–गिरदावरी की जा रही है कि किसान ने किस खेत यानि किस खसरा नंबर में कौनसी फसल बोई हुई है। इस बार जिले में 1,93,535 हैक्टेयर में किसानों ने खरीफ की फसलें बोई हुई हैं, जिनका सर्वे चल रहा है।*

### टैब से किया जा रहा कार्य

ई-गिरदावरी का कार्य पटवारियों द्वारा खेत में जाकर टैब से किया जा रहा है। इससे पारदर्शिता भी आ रही है। किसानों को फायदा होगा कि उन्हें फसल बेचते समय या मुआवजे की स्थिति में डाटा मिसमैच की समस्या से नहीं गुजरना पड़ेगा।

–देवकीनंदन, सदर कानूनगो, डीआरओ।

### सभी गांवों में होना है सर्वे

फसल वेरीफिकेशन का कार्य जिले के सभी गांवों में होना है। यह कार्य पांच सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा तथा इससे डाटा मिसमैच होने की समस्या खत्म हो जाएगी।

–देवेंद्र यादव, डीडीए, कृषि विभाग।

### किसानों का डाटा नहीं होगा मिसमैच

प्रदेश सरकार कुछ वर्ष पहले तक खरीफ के दौरान बाजरा की फसल सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदती रही है, लेकिन दो–तीन सालों से सरकार बाजरा खरीदने की बजाए मार्केट रेट के हिसाब से भावांतर भरपाई योजना के तहत किसान को सरकारी रेट एवं मार्केट रेट के अंतर की राशि लगभग 600 रुपये प्रति वर्ष मुआवजे के रूप में देने लगी है। यह डाटा उसी में काम आएगा। यदि सरकार मंडी में सरकारी समर्थन मूल्य पर फसल खरीदती है तो उसमें भी यही डाटा काम आएगा।

## स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक शुरू

- ऑटो अपील सिस्टम से होगी पूरी प्रकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग ने स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (एसएलसी) अब ऑनलाइन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए एमआईएस पोर्टल पर मॉड्यूल सक्रिय कर दिया गया है। अभिभावक ओटीपी सत्यापन के बाद ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

विभाग ने इस सेवा को ऑटो अपील सिस्टम (एएएस) पर ऑनबोर्ड करने के लिए एनआईसी को विवरण भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से अभिभावकों को पारदर्शी और समयबद्ध सुविधा मिलेगी। छात्र का एसआरएन (एसआरएन) या उससे जुड़े आधार नंबर दर्ज कर एसएलसी के लिए अनुरोध करें और प्रवेश के समय दर्ज किए गए पिता के मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी से सत्यापन करें। आपका अनुरोध सफलतापूर्वक जमा होने के बाद आपको एक यूनिक ट्रैकिंग आईडी प्राप्त होगी। कृपया इसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

## खाटूश्याम के लिए दो नई ट्रेन शुरू नारनौल स्टेशन पर भी होगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



रेलवे की ओर से रेवाड़ी से रींगस के बीच दो नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इन ट्रेनों का महेंद्रगढ़ में भी ठहराव होगा। गाडी संख्या 09633, रेवाडी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 23 व 24 (2 ट्रिप) रेवाड़ी से 22.50 बजे रवाना होकर 01.35 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09634, रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 24 व 25 को (2 ट्रिप) रींगस से 2.20 बजे रवाना होकर 5.20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इस ट्रेन का नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कावंट एवं श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसी प्रकार गाडी संख्या 09733, जयपुर-भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 23 व 24 को (02 ट्रिप) जयपुर से 7.00 बजे रवाना होकर 14.20 बजे भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09734, भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 23 व 24 को (02 ट्रिप) भिवानी से 16.05 बजे रवाना होकर 23.25 बजे जयपुर पहुंचेगी। इस गाड़ी का ढेहर का बालाजी, नींदर बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, रेवाड़ी, कोसली, झाडली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बें होंगे।

# उर्स को लेकर मोहल्ले में तनाव, समझाने पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। पुलिस से बातचीत करते मौहल्ले के लोग। फोटो : हरिभूमि

शहर के मौहल्ला मियां की सराय में शुक्रवार उर्स कार्यक्रम को लेकर तनाव हो गया। दरअसल, मौहल्ले व वार्ड पार्षद ने तनाव को देखते हुए उर्स कार्यक्रम नहीं करने के लिए प्रशासन को लिखा। आरोप है कि इसके बावजूद वहां दूसरे समाज के लोग आ गए। इसके बाद कुछ समय के लिए भारी पुलिस दल के बीच गहमागहमी का माहौल बना रहा। आपसी सहमति बनने के बाद ही उर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला मियां की सराय स्थित हजरत शाह बंदगी निजाम बंदगी की बारगाह में शुक्रवार उस समाज से जुड़े लोगों को उर्स कार्यक्रम का आयोजन करना था। जिसके लिए प्रशासन से इजाजत ली थी। इस पर गत 20 अगस्त को एसएचओ की ओर से वार्ड नंबर 18 की पार्षद को पत्र भी लिखा गया था। जिस पर वार्ड पार्षद ने यहां पर इस प्रकार के समारोह मनाने की मनाही की थी। साथ ही मोहल्लावासियों की ओर से एसएचओ को पत्र लिखा था कि इस बारे में मोहल्लेवासियों ने सलाह की। जिसमें सहमति नहीं बन पाई। इसलिए इस प्रोग्राम को नहीं करवाया जाए।

### माहौल बिगड़ता देख पुलिस तैनात

मौहल्लेवासियों की नहीं थी पहले सहमति मोहल्लेवासियों की सहमति न होने के बावजूद दोपहर को बड़ी संख्या में उस समाज से जुड़े लोग उर्स मनाने के लिए वहां पहुंच गए। इस पर मोहल्ले के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। जिसको देखते हुए प्रशासन की ओर से वहां पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई। वहीं मोहल्ले के लोगों को समझाया गया। इसके बाद यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# भुंगारका के राजेंद्र प्रसाद बने सेंट्रल कॉऑप्रेटिव बैंक के निदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

- केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का जताया आभार



नांगल चौधरी। नवनिर्वाचित निदेशक राजेंद्र प्रसाद।

गांव भुंगारका के राजेंद्र प्रसाद ने सेंट्रल कोऑप्रेटिव बैंक का निदेशक निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने जीत का श्रेय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को दिया है। कहा कि किसानों को मूलभूत सुविधाएं तथा सरकार द्वारा क्रियाविंत योजनाओं का लाभ देना प्राथमिकता रहेगा। बैंक और उपभोक्ताओं को समृद्ध बनाने पर विशेष रूप से काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों को साहूकारों के चुंगल से निकालने के लिए विभिन्न बैंकों को स्वीकृति दी है। सहकारी बैंकों का सीधा संबंध किसान, छोटे व्यापारी तथा बेरोजगार युवाओं से जुड़ा हुआ है। किसानों को कृषि की उपज बढ़ाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, खाद-बीज ऋण समेत भिन्न-भिन्न स्कीमें क्रियाविंत की हैं। सेंट्रल कोऑप्रेटिव बैंक महेंद्रगढ़ सहकारिता विभाग की अग्रणी संस्था है। किसानों को सक्षम बनाने के लिए सरकार के दिशा-निर्देशों में योजनाओं को लागू किया जाएगा।

# पुलिस ने मृतक महिला का कराया पोस्टमार्टम, दहेज प्रताड़ना का आरोप



महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** गांव जासावास में वीरवार को एक महिला द्वारा फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। मृतका के पिता अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने चार मई 2020 को अपनी बेटी मुस्कान की शादी राजस्थान के नायसुराणा निवासी रवि से की थी। शादी में पर्याप्त दहेज दिया गया। इसके बावजूद पति रवि, ससुर कृष्ण कुमार और बुआ सीमा लगातार दहेज की मांग करते और मारपीट करते थे। मुस्कान की पहली बेटी रचना तीन साल की है और दूसरी बेटी सारिका दो साल की।

## कोरियावास व भिवानी कॉलेज में एमबीबीएस स्वीकृति को लिखा पत्र

# स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना महत्वपूर्ण : आरती सिंह राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने राजकीय महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास (नारनौल) और राजकीय मेडिकल कॉलेज भिवानी में एमबीबीएस दाखिले शुरू करने के लिए अनुमति पत्र (एलओपी) जारी करवाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। बताया कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करना है ताकि चिकित्सकों की संख्या पूरी हो और सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में निर्माणाधीन छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में से भिवानी और कोरियावास के संस्थान पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं। भिवानी कॉलेज को केंद्र प्रायोजित योजना के पहले चरण के तहत विकसित किया गया है जबकि कोरियावास कॉलेज राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है। राज्य सरकार ने चालू शैक्षणिक सत्र 2025-26 से दोनों कॉलेजों में 150-150 एमबीबीएस छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति के लिए जनवरी 2025 में ही राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिया है। इसके लिए अनुमति का इंतजार है। ऐसे में उन्होंने केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया ताकि एनएमसी तुरंत एलओपी प्रदान करे ताकि चालू सत्र में ही प्रवेश संभव हो सके।

### सरकार का स्वास्थ्य पर विशेष जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने दोहराया कि नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूरे हरियाणा में कुशल डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। नए मेडिकल कॉलेजों के आने से छात्रों को विदेश में महंगे विकल्प तलाशने के बजाय हरियाणा में ही एमबीबीएस की पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।



## सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।



लाइफ Style

# कृति
## वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।' कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



## एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



## एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



## टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



## अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

टीवी मसाला



## बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

### गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें



शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।

## दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

## एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।





### जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

## वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

**खबर संक्षेप**

## नशा सर्वनाश की जड़: विजय सिंह



**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला प्रधान विजय सिंह ने बताया कि नशा चाहे कोई भी हो विनाश का कारण बनता है। इससे समाज व परिवार में कोई सम्मान नहीं होता बल्कि उस व्यक्ति को घृणा की दृष्टि से देखा जाता है। गुटका,जर्दा, खैनी,तंबाकू, शराब, चरस, अफीम, आदि अनेकों प्रकार से नशा करके अपना तो नुकसान करता ही है, साथ ही पूरे परिवार के साथ साथ पड़ोसी को भी मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाता है।

## रविदास महासभा की बैठक कल

**नारनौल।** स्थानीय गुरु रविदास आश्रम दीदासर में रविवार 24 अगस्त को रविदास महासभा की आम बैठक आयोजित की जाएंगी। बलबीर सिंह बबेरवल की अध्यक्षता में होने वाली का संचालन महासचिव रमेशचंद करेंगे। बैठक में कार्यकारिणी के चुनाव प्रक्रिया को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभा के सदस्यों से बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

### नारों और स्लोगन के माध्यम से आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया

# स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन के लिए तंबाकू मुक्त जीवन अपनाएं : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव पटीकरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा में तंबाकू मुक्त पीढ़ी की और विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त के दिशा निर्देशानुसार व खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार भारद्वाज के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेडक्रॉस से डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव भी मौजूद थे। स्कूल प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश दहिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली के माध्यम से पटीकरा गांव एवं रेलवे स्टेशन मार्ग पर नारों और स्लोगन के माध्यम से आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य ने कहा कि स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन के लिए तंबाकू मुक्त जीवन अपनाएं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि आप इस तंबाकू मुक्त अभियान से जुड़कर अपने परिवार व युवाओं को भी प्रेरित करें।

कार्यक्रम संयोजक पवित्रा यादव ने बताया कि स्कूल चुनौती तंबाकू मुक्त पीढ़ी विषय से संबंधित विभिन्न कविता, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय में नशा मुक्त समाज के प्रति जागरूकता फैलाना और तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति सजग करना है। इस अवसर पर सत्यवीर सिंह ब्रिगेड ऑफिसर, जितेंद्र कुमार ब्रिगेड ऑफिसर, संजय सैनी, अंकित कुमार, प्रीतम बागड़ी, पृथ्वी सिंह, नरेंद्र कुमार, दीपक, सुषमा यादव, बबीता चावला, कविता बाला आदि मौजूद थी।



नारनौल। रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## नशा मुक्ति से ही युवा पीढ़ी का उत्थान संभव

**नारनौल।** गांव खटोली कलां स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में शिक्षा विभाग हरियाणा एवम्‌ रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में नशा निषेध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रेडक्रॉस के जेआरसी काउंसलर डॉ. हरिकिशन गौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा आज समाज में व्याप्त एक गंभीर बीमारी है, जिससे हमारी युवा पीढ़ी का पतन हो रहा है। डॉ. गौड़ ने बताया कि आज समाज में व्याप्त धूम्रपान, गुटखा, बीड़ी एवं अन्य प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जेआरसी काउंसलर अगेंद्र ने बच्चों को नशा मुक्ति कि शपथ दिलाई। विद्यालय मुख्याध्यापक संजीव कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने बताया कि इस नशा मुक्ति अभियान से छात्रों को जागरूकता प्राप्त हुई, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। इस अवसर परश्री ओमप्रकाश पीटीआई, राजेश, संतोष देवी, प्रिया कौशिक, प्रदीप कुमार, अजीत सिंह, रोहताश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नशे का सेवन करने वालों की होगी काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव जाट भुरजट में पुलिस निरीक्षक शारदा और उनकी टीम ने जागरूकता चौपाल लगाई। इस चौपाल में ग्रामीणों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया और उन्हें नशा न करने की शपथ दिलाई गई। निरीक्षक शारदा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे समाज से खत्म करने के लिए एकजुट प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें। पुलिस द्वारा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, नशे का सेवन करने वालों की सूचना भी पुलिस को दी जा सकती है। निरीक्षक शारदा ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे का सेवन करने वालों की काउंसलिंग कराई जाएगी और उनका नशा छुड़वाकर उनको मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा।

नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्ति की पुलिस द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। ग्रामीणों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नशे के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे अपने गांव में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में पुलिस का सहयोग करेंगे। इस अभियान के माध्यम से पुलिस नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने और समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

## यादव कल्याण सभा का निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 24 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रो सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एसपी यादव मेडिसिन, डा. प्रशांत यादव हड्डीरोग, डा. पवन यादव न्यूरोसर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्ररोग, डा. कोमल यादव दंतरोग व डा. सुमन यादव स्त्रीरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कंसल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# एनसीसी से कैडेट्स में आती है एकता और अनुशासन की भावना: डॉ जगजीत सिंह

- राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट्स के कैडेट्स ने 34 गोल्ड और सिल्वर मेडल्स पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी सीनियर विंग व सीनियर डिविजन दोनों यूनिट से 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल सतनाली में आयोजित हुआ। महाविद्यालय प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ कमांडिंग ऑफिसर संदीप कुमार ने किया। उन्होंने शिविर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में क्रेडिट स्कोर विस्तार से बताया। शिविर में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने कुल 34 मेडल पर कब्जा किया। कैडेट्स इशा सैनी व कैडेट मुस्कान को कंपनी सीनियर अन्य क्रेडिट को समूह नृत्य, पायलटिंग, एकल नृत्य, रस्सी कूद, में गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त हुए। कैंप में कुल लगभग 517 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। सभी कैडेट्स को पांच भागों में बांटा गया। इनका नाम अमित राज कोहिमा नौसेना और माटिला रखा गया। एनसीसी कैडेट्स का नेतृत्व महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट सुप्रिया ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेएस मोर ने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए बताया कि एनसीसी कैडेट्स में एकता और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित किया जाता है।



नारनौल। पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ कॉलेज के स्टॉफ सदस्य।



नांगल चौधरी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को पौधे वितरित करते प्राचार्य छत्रपाल सिंह।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वन महोत्सव आयोजित

**नांगल चौधरी।** सरकार के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहबाजपुर में प्राचार्य छत्रपाल की अध्यक्षता में वन महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पौधों की उपयोगिता से अवगत कराने के बाद हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हरियाली की प्रकृति का श्रंगार तथा पर्यावरण की रक्षक होती है। जीव-जंतु के लिए भोजन का प्रबंध पौधों से ही होता है तथा मनुष्य की दैनिक दिचर्या पौधों से निर्मित उत्पादों पर निर्भर होती है। बावजूद अधिकांश लोग पौधारोपण करने तथा संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं। मामूली जरूरतों को पूरी करने के लिए अंधाधुंध हरे पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है जिससे ग्लोब वार्मिंग का खतरा बढ़ गया। समाधान के लिए पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प है। इसलिए सीएम नायब सिंह सैनी व विभागीय मंत्री गौरव गौतम ने सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद प्रचार्य ने सभी विद्यार्थी व स्टॉफ कर्मियों को एक-एक पौधा गोद लेने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर स्टॉफ कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव धन्नौदा स्थित ब्रिलिएंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा विभाग तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव धनौंदा स्थित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रार्थना सभा में कक्षा दसवीं की छात्रा दिव्या तथा 12 वीं के छात्र पारस ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा नशा मुक्त समाज के लिए प्रयास करने की शपथ दिलाई। नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राथमिक विभाग की पेंटिंग प्रतियोगिता में भाविका ने प्रथम, हर्षवर्धन ने द्वितीय तथा नव्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उच्च विभाग की पेंटिंग प्रतियोगिता में विनिका ने प्रथम, निशा और अक्षिता ने दूसरा तथा हर्षिता और तानिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में गीत ने प्रथम, निशिका ने द्वितीय तथा खुशहाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में दीपक ने प्रथम, दिव्या ने दूसरा तथा अनिका और जीविका ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ प्रवक्ता प्रहलाद सिंह ने कहा कि नशा एक अभिशाप है और हम सबको नशे से दूर रहना चाहिए। एक अच्छे समाज के निर्माण के लिए सभी का नशा मुक्त होना आवश्यक है। प्रवक्ता आशुतोष शास्त्री ने गुटका, धूम्रपान, शराब व अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से सदैव नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर मुकेश यादव, प्रवीन शर्मा, नवीन जांगड़ा, सतीश कुमार, रेनू यादव, शन्नो तंवर, नरेंद्र कौशिक, शीतल, पूजा, रिंकू, मनजीत गौड़, सत्येंद्र सिंह, निशा आदि उपस्थित थे।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## धूमधाम से मनाया दही हांडी उत्सव

**नारनौल।** स्थानीय मोहल्ला देवस्थान में महिलाओं ने भगवान कृष्ण के जन्मअष्टमी पर्व के बाद मखन, मिश्री,दही हांडी का उत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। छोटे से कृष्ण को पालने में खिलाया। स्थानीय महिलाओं ने स्वयं का यशोदा का रूप बना कर भगवान कृष्ण को मखन, मिश्री खिलाई। इसके बाद महिलाओं ने बहुत से गेम जैसे म्यूजिकल गेम, नंदलाला बधाई तंबोला, झूला, नृत्य आदि से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अंत में महिलाएं प्रसाद का आनंद लिया। इस अवसर पर अनु अग्रवाल, विनय अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, बिंदु, ममता, मंजू, संतोष, मीनू संगी, पारुल, पूजा सैनी, अनुराधा नागपाल, सुमित्रा, सुनीता, रंजू निर्मल, रेनू, सरिता, ज्योति, रितु, रिंकी आदि उपस्थित रही।

# आरपीएस में तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर के तहत जागरूकता कार्यक्रम

- एसएचओ पवन कुमार ने बच्चों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर स्कूल की चुनौती एक राष्ट्रीय मुहिम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की भागीदारी जागरूकता रैली भी हुई।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, थाना शहर प्रबंधक पवन कुमार व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी की अध्यक्षता में विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में डिवीजन कमांडर टेकचंद यादव मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली, दीपक शर्मा एवं संदीप कुमार द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और समुदाय में तम्बाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों को स्वस्थ समाज के निर्माण में बदलाव का अहम हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। एसएचओ पवन कुमार ने बच्चों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देने वाले पोस्टर शैक्षणिक संस्थान व प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाने चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में तंबाकू का प्रयोग न करें, तंबाकू एक किस्म से जहर हैं, इससे कैंसर जैसी भयानक बीमारियां पैदा होती है, जो जानलेवा होती है। तंबाकू चबाने से मुंह में कैंसर हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्त की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं व विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने तंबाकू के प्रति शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर रेडक्रॉस काउंसलर विजय कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अवैध शराब बेचने के आरोप में दो लोगों को किया काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर दो लोगों को अवैध शराब के साथ काबू किया है। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गत 24 मई को सैय्यद कॉलोनी धारूहेड़ा में एक बाइक साढे 15 बोतल शराब सहित बरामद की थी। बाइक पर सैय्यद कॉलोनी निवासी देव शराब बेच रहा था, जो पुलिस को देखकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी देव को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने संघी का बास निवासी जोगिंद्र को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



नारनौल। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सूरज स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

**नारनौल।** सूरज स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सूरज स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 मेडल जीतकर नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में जाने के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में मुख्य स्नेहा पुत्री कृष्ण कुमार ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में गुंजन पुत्री प्रदीप कुमार, अजय पुत्र विकास यादव, गुंजन पुत्री राकेश कुमार, अंशु पुत्री राकेश कुमार, लवप्रीत पुत्र अनिल कुमार, आशु पुत्री जोगेंद्र सिंह व चिराग पुत्र सुंदरलाल रहे। राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में इशांत पुत्र राजकुमार, काम्या पुत्री दिनेश कुमार, हर्ष पुत्र विनोद कुमार, मयंक पुत्र मोहन सैनी व दीपांशु पुत्र अशोक कुमार रहे। प्रधानाचार्या रितु चहल ने कहा कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेलों में भी लगातार चयनित हो रहे हैं। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।

# मलेरिया और डेगूं से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने किया जागरूक

- तेज बुखार तथा बदन दर्द होने की सूरत में ग्रामीण सरकारी अस्पताल में जाकर कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

पीएचसी धनौंदा के अंतर्गत गांव सिहोर में शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को मलेरिया व डेंगू से बचाव की जानकारी दी। स्वास्थ्य निरीक्षक पवन कुमार ने कहा कि मलेरिया व डेंगू एक जानलेवा बीमारी है जो मच्छर जनित है। ये मच्छर रुके हुए एवं साफ पानी में पनपते हैं। उन्होंने कहा कि तेज बुखार होने, बदन दर्द, तेज सिरदर्द होने, कंपन व उल्टी होने, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द होने, आखों में जलन होने पर की सूरत में ग्रामीण नजदीकी अस्पताल में जाएं ओर रक्त की जांच करवाएं। ये मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। सरकारी अस्पतालों में मलेरिया व डेंगू की जांच निशुल्क की जाती है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में मलेरिया व डेंगू पनपने का अधिक अंदेशा रहता है।



कनीना। मलेरिया व डेगूं अन्मूलन को लेकर सिहोर में ग्रामीणों को जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मी।

### आज भी बरसात होने की संभावना, सप्ताह भर मौसम साफ रहने के आसार

# बूंदाबांदी के बाद पारा मामूली गिरा, उमस से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून की विदाई से पहले आसमान में बादलों के बीच जिले के कई भागों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई, परंतु इससे उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिली। तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। हवा में नमी के चलते उमस और बढ़ गई, जिससे लोगों को पसीने-पसीने होना पड़ा। अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ होने के आसार नहीं हैं। शनिवार को आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को सुबह के समय मौसम साफ रहा। बाद में आसमान में बादल गहरा गए। दोपहर के समय कुछ इलाकों में बूंदाबांदी, तो कुछ में हल्की बरसात हुई। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 34.5 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान भी 0.3 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 75 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की गति 8 किमी प्रति घंटा रही। बार-बार हो रही बूंदाबांदी के कारण वातावरण में नमी और उमस बढ़ने से गर्मी का असर कम नहीं हो पा रहा है। दोपहर के समय बूंदाबांदी के बाद शाम को धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी का असर बढ़ गया, जिससे लोग पसीने में तर-बतर होते रहे। अगस्त माह में एक-दो दिन अच्छी बारिश के बाद लोगों को लगातार उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून कमजोर पड़ रहा है। एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने की संभावना नहीं है। 23 अगस्त को आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। दो-तीन दिनों में अच्छी बारिश भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।






# नांगल चौधरी सीएचसी के 31 गांवों में बिगड़ा लिंगानुपात, लिंग जांच व भ्रूण हत्या पर नजर

- स्वास्थ्य विभाग चिंतित, लिंग जांच व भ्रूण हत्या पर नजर रखेगी कमेटी
- मंढाणा और नांगल चौधरी पीएचसी सबसे चिंताजनक है लिंगानुपात आंतरी, 6 महीने की रिपोर्ट में बांयल व सिरोही पीएचसी के गांवों का सेक्सरेशो उत्साह वर्धक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

कन्या भ्रूण हत्या तथा लिंग जांच पर प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद नांगल चौधरी सीएचसी के अंतर्गत 31 गांवों में स्थिति चिंता जनक बनी हुई है। छहमहीने की रिपोर्ट में मंढाणा व नांगल चौधरी पीएचसी का लिंगानुपात सर्वाधिक खराब दर्ज किया गया है। दूसरी तरफ बांयल व सिरोही बहाली पीएचसी के गांवों का सेक्सरेशो एक हजार से अधिक मिला है। विभाग ने खराब लिंगानुपात वाले गांवों को चिन्हित करके जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। साथ ही मेडिकल स्टोर व अन्य एजेंटों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। इसके लिए सीएचसी के एसएमओ डॉ अशोक यादव ने पीएचसी इंचाजों, आशा वर्कर व एएनएम स्टॉफ को विशेष जिम्मेवारी सौंपी है।

आपको बता दें कि बीते 20-25 सालों से संगीन अपराधिक वारदातें बढ़ गई, जिससे सामाजिक तानाबाना बिगड़ना आरंभ हो गया। समाधान के लिए सरकार ने गांवों में लिंगानुपात का अध्यन किया जिसमें पाया कि अधिकांश गांवों में लड़कों की तुलना में लड़किया कम पैदा हो रही है। रिपोर्ट मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत जिले से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था। योजना के मुताबिक गांवों में मुखबिर तैनात किए गए जिनकी मदद से लिंग जांच व भ्रूण हत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। करीब दो साल सक्रियता के बाद प्रदेश का लिंगानुपात करीब 900 तक पहुंचा। लेकिन बीते दो-तीन सालों से कई गांवों में दुबारा से लिंगानुपात चिंतनीय बना हुआ है। छह महीने की रिपोर्ट में नांगल चौधरी सीएचसी के अंतर्गत 31 गांवों का लिंगानुपात 500 से भी कम है। कुछ गांवों में 200 का आंकड़ा भी पार नहीं हुआ, जिससे अवैध गतिविधिवियों की संभावना बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी गांवों को सूचीबद्ध करके ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्णय लिया है। अभियान में सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर तथा अन्य सामाजिक संगठनों को शामिल करने का प्रपोजल बनाया है। विभागीय निर्देशानुसार एसएमओ डॉ अशोक यादव ने सीएचसी में पीएचसी इंचार्ज तथा आशा वर्करों की बैठक बुलाई है। कहा कि खराब लिगांनुपात से संगीन अपराध तथा सामाजिक रिवाजें प्रभावित होंगी।

### लूजोता में लगाया जागरूकता शिविर

बीते छह महीने में लूजोता का लिंगानुपात 400 रहा है। गांव में पांच लड़के तथा दो लड़कियों ने जन्म लिया है। गत महीने विभागीय टीम ने शिविर लगाकर ग्रामीणों को बेटियों की उपलब्धियों से अवगत कराया है। कहा कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं होता, बल्कि बेटियां दो परिवारों का भला करने में सक्षम होती हैं। कार्यक्रम में सरपंच सतबीर, डॉ हेमंत कुमार तथा ब्लॉक आशा कोर्डिनेटर सुभाष यादव, रमेश कसाना ने ग्रामीणों को बेटी बचाने के लिए प्रेरित किया है।

### छापेमारी करके लगाएंगे अंकुश

सीएचसी के एसएमओ डॉ. अशोक यादव ने कहा कि लिंगानुपात बिगड़ने से गांवों में सामाजिक अपराध बढ़ गए हैं। भ्रूण हत्या तथा लिंग जांच रोकने के लिए संदिग्द प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की जाएगी। साथ ही सरपंच, पंच, आशा वर्क व अन्य संगठनों से मदद लेकर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि गांवों में जागरूकता अभियान के लिए टीम गठित करके जिम्मेवारी सौंपी गई है।

---

### खबर संक्षेप



#### भारतीय सेना के जांबाज सिपाही एवं समाज के सशक्त प्रहरी थे रतिराम शर्मा: मनोज


**महेंद्रगढ़।** स्वर्गीय सूबेदार रतिराम शर्मा नंबरदार की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय रतिराम शर्मा के बड़े बेटे हरीश शर्मा के सिर पर समाज के लोगों ने जिम्मेवारी की पगड़ी पहनाई। उनके छोटे बेटे राजकुमार शर्मा ने सारी 12 दिन तक सारी रस्म पूरी की। सवेरा स्वयंसेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मनोज गौतम ने कहा कि स्वर्गीय रतिराम शर्मा भारतीय सेना के जांबाज सिपाही के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने 1962, सन 1965

#### लावन में बाबा मेहरवाली को मेला 23 अगस्त को

**महेंद्रगढ़।** गांव लावन में बाबा मेहरवाली मंदिर कमेटी के सहयोग से बाबा मेहरवाली के मेले 23 अगस्त को आयोजन किया जाएगा। मेले में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती दंगल, कंपीटिशन और भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर कमेटी प्रधान रतन सिंह डागर, सरपंच कुलदीप यादव व सुजान मालड़ा ने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें महिला एवं पुरुषों की 100 मीटर, 800 मीटर और 1500 की दौड़ होंगी। प्रथम इनाम 5100 रुपये, द्वितीय इनाम 3100 रुपये और

## प्रदर्शन कर डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

# 18 दिन बाद भी लड़की को तलाश नहीं कर पाई पुलिस



**नारनौल।** नायब तहसीलदार को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- ग्रामीणों के मुताबिक गांव खैरानी से गत चार अगस्त को एक नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई थी, अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा

गांव खैरानी से एक नाबालिग लड़की लापता है। उसकी तलाश नहीं करने पर शुक्रवार सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। फिर उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव खैरानी से गत चार अगस्त को एक नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई थी। इस लड़की को पुलिस तलाश नहीं कर पाई है। जिसके विरोध में शुक्रवार गांव के लोग लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित हुए व लड़की को तुरंत आरोपितों से बरामद कर परिवार को सौंपे जाने को लेकर सभा हुई। सभा पश्चात जुलूस के साथ लघु सचिवालय पर अटेली पुलिस के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। नायब तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि बीती चार अगस्त को अटेली थाना के अन्तर्गत गांव खैरानी की नाबालिग लड़की को राजस्थान के बहरोड़ के खोहर गांव का युवक बहला फुसलाकर ले गया था। जिसकी बरामदगी के लिए पीड़ित परिवार व परिवार जनों की ओर से उसी दिन अटेली थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करा दी गई थी। आरोपित की सभी जानकारी देने के बावजूद लड़की को अभी तक पुलिस ने तलाश नहीं किया है। जिस पर सभा में वक्ताओं व सर्व समाज के ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अटेली पुलिस थाना की ढुलमुल रवैए पर आपत्ति जताई। ज्ञापन देने वालों में वार्ड नं नौ के जिला पार्षद मनीपाल, महेन्द्र सिंह चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर सुबे सिंह, अत्तर सिंह, श्रवण, रामस्वरूप, बिरेंद्र सिंह, जय सिंह नम्बरदार, रामनिवास पंच, कृष्ण कुमार पंच, महेश शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा, रोहतास शर्मा, सूबेदार राजू शर्मा, सूबेदार महीपाल, बीर सिंह, राजेन्द्र, विक्रम सिंह, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, राजकुमार, ईश्वर सिंह, नरेंद्र सिंह, सन्तपाल सिंह, विक्रम, उदय सिंह, जयवीर सिंह, गोरधन, अतर सिंह, महीपाल सिंह, मांगे राम, विजय सिंह, सज्जन सिंह, अरविंद, बीर सिंह, राजेन्द्र, अनिल शर्मा, राजवीर सिंह, हरिओम सिंह, महेन्द्र सिंह, कुलदीप, रामनिवास, सुमेर सिंह, हरिराम, सत्यवीर सिंह सहित अनेक लोग रहे।

## गाड़ी तोड़ने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** आपसी रंजिश को लेकर गाड़ी तोड़ने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सचिन वासी खेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपितों से लाठी–डंडे, कुल्हाड़ी बरामद की। वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी भी बरामद कर जब्त कर ली। शिकायतकर्ता रोशन लाल वासी गांव खोड ने थाना अटेली में दी शिकायत में बताया कि उसने गुजरवास मोड पर नितिन किरयाणा स्टोर के नाम से दुकान कर रखी है। तीन अगस्त को वह उसकी गाड़ी लेकर दुकान का सामान लेने के लिए अटेली गया था, जो अटेली से सामान लेकर अपनी दुकान पर जा रहा था। दुकान के सामने पहुंचा तो गुजरवास की तरफ से दो गाड़ी आई और उसकी गाड़ी के आगे लगाकर उन गाड़ियों में से युवक उतरकर आए और उसकी गाड़ी को तोड़ दिया।

## इंड्सवैली स्कूल में तम्बाकू निषेध पर कार्यक्रम आयोजित




**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** इंड्सवैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में विश्व तम्बाकू निषेध पर कार्यक्रम का आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने कविता व नाटक के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इसके साथ श्लोग्न व नुक्कड़ सभा कर लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया। प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि तम्बाकू, शराब व किसी भी प्रकार का नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इनके सेवन से कैंसर, दमा, ह्दय जैसी हानिकारक बीमारी से पीड़ति हो जाते है। इनके सेवन को रोकने के लिए जागरूकता अभियान, कानूनी उपाय और समुदाय की भागीदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है और सभी प्रकार के नशों से दूर रहने की बात कही। आचार्य उजागर सिंह ने भी मादक पदार्थों से शरीर व बुद्धि नष्ट होने की शिक्षा दी। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव, वाइस चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव व उपप्राचार्य वीरसिंह मौजूद रहे।

## ड्रंक एंड ड्राइव के 50 से अधिक वाहनों के चालान काटे

- विभिन्न स्थानों पर 500 से अधिक वाहनों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** वाहनों की जांच पड़ताल करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस ने डीएसपी सुरेश कुमार के नेतृत्व में ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। जिसका मुख्य लक्ष्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना और नशे में गाड़ी चलाने वालों पर लगाम कसना था। यह अभियान सोमवार से शुक्रवार तक चला। जिसमें करीब 50 वाहन चालकों का चालान किया गया।

इस अभियान के दौरान पुलिस ने जिले भर में विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी की और 500 से अधिक वाहनों की जांच की। इस सघन जांच में करीब 50 ऐसे वाहन चालक पाए गए, जिन्होंने शराब का सेवन किया था। इन सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 185 के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। शराब पीकर गाड़ी चलाना न केवल एक दंडनीय अपराध है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण भी है। जिला पुलिस का उद्देश्य सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को कम करके आम जनता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्ती जारी रहेगी।

## टीम ने कपास, अन्य फसलों में कीट एवं अन्य रोगों के प्रकोप का किया सर्वेक्षण

**नारनौल।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं राज्य कृषि विभाग के डीडीए डा. देवेंद्र सिंह के सहयोग से संयुक्त टीम ने खंड अटेली के गांव मिर्जापुर बाछौद में जाकर कपास व बाजरा की फसल में कीट व अन्य रोगों का सर्वेक्षण किया। संयुक्त सर्वेक्षण टीम में राज्य कृषि विभाग से सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, कृषि विकास अधिकारी डॉ. सुधीर यादव, फरीदाबाद से रीजनल इंचार्ज एवं उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशानुसार सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी डा. लक्ष्मीकांत, सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी डॉ. सूरज बरनवाल व सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी डॉ. केपी शर्मा की संयुक्त टीम ने सर्वेक्षण के दौरान पाया कि जिले में अभी सभी फसलों कपास, बाजरा में किट और अन्य रोगों का प्रभाव आर्थिक हानि स्तर से कम पाई गई। किसानों को सलाह दी की लगातार फसल के निगरानी करें। फसल के 60 दिन के हो जाने पर पांच प्रतिशत एनएसकेई का छिड़काव करें। फूल अवस्था में 10 प्रतिशत नुकसान की स्थिति (रोजेट फ्लावर) तथा टिंडे विकास की अवस्था में 20 अवस्था में 20 टिंडों में कम से कम दो टिंडों में गुलाबी सुंडी का बाहरी सुराख हो तो वह आर्थिक हानि स्तर का माना जाएगा तथा फसल के बिजाई के 45 दिनों के बाद दो फेरोमोन, ट्रैप प्रति एकड़ लगाए तथा रोजाना निगरानी करें एवं देखें कि कीटों की संख्या 8 कीट प्रति ट्रैप लगातार 3 दिन तक आने पर ही कीट को आर्थिक हानि स्तर का माना जाता है। ऐसी स्थिति होने पर किसानों को सेंट्रल इनसेकिटसाइड बोर्ड एवं रजिस्ट्रेशन कमेटी द्वारा अनुशंसित कीटनाशकों का अनुशंसित कीटनाशकों का अनुशंसित मात्रा का छिड़काव करें।

## गाजर घास लोगों व पशु दोनों के लिए हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों व ग्रामीणों को गाजरघास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक करने के लिए गाजर घास उन्मूलन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र द्वारा जागरूकता अभियान में किसान, स्कूली बच्चों व आम जनता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। केंद्र संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि गाजर घास जहां एक ओर मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं में विभिन्न समस्याएं पैदा करती है। वहीं पर्यावरण को भी दूषित करती है एवं उत्पादकता को कम करते हुए जैव विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचता है। जागरूकता अभियान के




दौरान सस्य वैज्ञानिक डॉ. आशीष शिवरान ने गाजर घास के लिए यांत्रिक, रासायनिक व जैविक विधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गाजर घास का नियन्त्रण फूल आने से पहले उखाड़कर गड्ढे में डालकर इसका उपयोग बहुत अच्छा कम्पोस्ट बनाने में कर सकते हैं। इसे उखाड़ते समय हाथ में दस्ताने तथा सुरक्षात्मक कपड़ों का प्रयोग करना चाहिए। गाजर घास का पौधा हर तरह के वातावरण में उगने की क्षमता रखता है। पशुओं के लिए गाजर घास अत्यधिक विषाक्त है। इसे खाने के बाद दुधारू पशुओं के दूध में कड़वाहट के साथ–साथ दूध में भी कमी आने लगती है।

### जीवाणु कम हो जाते हैं

मृदा वैज्ञानिक डॉ. राजपाल ने कहा कि गाजर घास में जहरीले रसायनों की उपस्थिति के कारण मृदा में उपयोगी सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या में काफी कमी हो जाती है, जिसके प्रभाव में पोषक तत्वों एवं खनिज लवणों का बहुत बड़ा हिस्सा पौधों के प्राप्त नहीं होता। उन्होंने बताया कि गाजर घास की पत्तियों में क्लोरोफिल की उपलब्धता को प्रभावित करती है, जिससे फसल की वृद्धि व विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण इस प्रकार के जहरीले खरपतवारों की समस्या अधिक होती जा रही है। जागरूकता सप्ताह के दौरान केन्द्र द्वारा गोद लिए गांव नांवा, श्यामपुरा, स्कूली बच्चों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम किए गए।

## श्री हनुमान रामलीला का मंचन इस वर्ष मोहल्ला सैनीपुरा में होगा



**महेंद्रगढ़।** श्री हनुमान रामलीला कमेटी के मंचन को लेकर वीरवार देर शाम बैठक कमेटी के पूर्व प्रधान जितेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में हुई। रामलीला मंचन के लिए कमेटी पूर्व प्रधान एवं जिला कष्ट निवारण कमेटी सदस्य कमल सैनी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कुछ तकनीकी कारणों के चलते वर्ष 2025–26 का रामलीला मंचन रेलवे ग्राउंड की बजाय सैनीपुरा स्थित सैनी सभा के ग्राउंड में किया जाएगा। नवनियुक्त प्रधान कमल सैनी ने बताया कि समय अभाव के चलते रामलीला मंचन की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों सौंपी गई। कमेटी के नवनियुक्त निर्देशक दिनेश ने सभी कलाकारों से आग्रह किया कि समय अभाव के चलते अपना ज्यादा–ज्यादा समय देकर मंचन के प्रारूप को सुंदर बनाने अपना सहयोग दे। हनुमान रामलीला कमेटी के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भी घोषणा की गई, जिनमें राजेश शर्मा को उपप्रधान, संदीप तायल को सचिव एवं कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ कलाकार दिनेश मेहता को निर्देशक, शिवा सैनी को प्रबंधक, शेर सिंह मोयल को कलाकार प्रधान, पतराम यादव को सहसचिव, नरेश खन्ना को स्टोरकीपर, जितेंद्र चौधरी, राजेश सैनी को संरक्षक, विजेंद्र यादव, संजय मित्तल, डॉ. तरुण यादव, कैलाश सैनी, होशियार सैनी, मोनू सेन और भूप सोनी को रामलीला कमेटी का मुख्य सलाहकार बनाया गया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

- विजेता टीम को 41000 रुपये नकद इनाम दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव मालड़ा में बाबा खेमचंद दास जोहड़िया का 12वां मेला एक सितंबर को बाबा की समाधि स्थल रतनसर जोहड़ पर लगेगा। मेले के उपलक्ष्य शुक्रवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। मेले से पूर्व रात्रि को जागरण तथा मेले वाले दिन अन्य खेलकूद प्रतियोगिता और भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्यातिथि माजरा खुर्द निवासी सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन कुमार रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से जहां भाईचारा बढ़ता है। वहीं शरीर भी हष्ट-पुष्ट और निरोगी रहता है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। उन्होंने अपने निजी कोष से 11 हजार रुपये देने की घोषणा की। सामाजिक कार्यकर्ता सुजान मालड़ा ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के सभी मैच वड्स की गेंद से खेले जाएंगे। लगातार तीन विकेट लेने वाले खिलाड़ियों और मैन आफ द सीरीज को कमेटी की तरफ से नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 41000 रुपये नकद व ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 21000 रुपये नकद व ट्राफी दी जाएगी। मंदिर कमेटी ने मुख्तिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

**श्रद्धांजलि** शहीद के सम्मान में सैकड़ों युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

# नम आंखों से दी शहीद आशीष कुमार को अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर निवासी करीब 29 वर्षीय भारतीय सेना के जवान की माल खाने में हथियारों की सफाई करते समय गोली चलने से मौत हो गई। शहीद का वीरवार देर शाम में अंतिम संस्कार किया गया। देर शाम को शहर में एक जुलूस भी निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे तथा भारत माता की जय के नारे लगाए।

जानकारी मुताबिक जवान की करीब दो साल पहले ही शादी हुई थी। उसकी कोई संतान नहीं है। सेना की टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर जवान को अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शहर महेंद्रगढ़ की सरस्वती कॉलोनी निवासी शहीद आशीष कुमार 165 आरटी रेजिमेंट गुजरात में तैनात था। मालखाने में हथियारों की सफाई करते समय अचानक गोली चल गई। गोली आशीष के लगी, जिससे वह बेहोश हो गया। सेना के अन्य जवानों ने उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसको मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद देर शाम शहीद आशीष का पार्थिव शरीर उनके घर पर लाया गया। नौ मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री हिसार कैंट की टुकड़ी सूबेदार राजकुमार व 16 जवानों द्वारा सलामी देकर अंतिम विदाई दी गई। यहां पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जुलूस निकाला, भारत माता की जय बोलते हुए आशीष को सलामी दी। शहीद आशीष के चचेरे भाई मनोज कुमार ने मुखाग्नि दी।



**महेंद्रगढ़।** शहीद आशीष कुमार के परिजनों को तिरंगा भेंट करते हुए।

### यहां से गुजरी शहीद की अंतिम यात्रा:

शहीद की यात्रा देवीलाल पार्क से होते हुए अंबेडकर चौक बालाजी चौक आजाद चौक, 11 हट्टा बाजार, मोहल्ला नत्थूवाला, मौहल्ला कोकाबंगड़ी से होते हुए मोदाश्रम में पहुंची। जहां पर सलामी दी गई और तिरंगा शहीद आशीष शर्मा के ताऊ ओमप्रकाश को दिया गया। अंतिम यात्रा में रमेश सैनी अध्यक्ष नगर पालिका, राजेंद्र शर्मा कोऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष, ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश वैद्य, यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र उर्फ बंटी व समाज के अन्य लोगों ने नमन आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी।